कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर

Admin Order - 216

विज्ञप्ति–

दिनांक 21.11.2024

जजशिप बुलन्दशहर में तृतीय श्रेणी कनिष्ठ सहायक संवर्ग (वेतनमान 5,200–20,200 ग्रेड पे–2000) के 06 रिक्त पद चतुर्थ श्रेणी समूह "घ" संवर्ग (वेतनमान 5,200–20,200 ग्रेड पे 1800) की प्रोन्नति से भरे जाने हैं।

उपरोक्त रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु जजशिप, बुलन्दशहर में कार्यरत ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी/कर्मचारीगण, जिनकी शैक्षिक योग्यता कम से कम मैट्रिक्स के समकक्ष हो और उनकी सेवा का पांच वर्ष या उससे अधिक का कार्यकाल व्यतीत हो चुका है, वे दिनांक 30.11.2024 तक अपने आवेदनपत्र प्रशासनिक कार्यालय में जमा करा सकते हैं। इसके पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनपत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

चतुर्थ श्रेणी सवंर्ग से तृतीय श्रेणी संवर्ग में प्रोन्नति किए जाने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 06.12.2024 को जनपद न्यायालय के 10 कक्षीय भवन के सभागार में प्रातः 8.00 बजे से 10.00 बजे तक आयोजित की जायेगी, जो कि 150 अंक (सामान्य ज्ञान, हिन्दी व अंग्रेजी श्रुतलेखन) की होगी तथा लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का 50 अंक का साक्षात्कार लिया जायेगा। तत्पश्चात् मैरिट के आधार पर सफल अभ्यर्थियों की प्रोन्नति की जायेगी।

उक्त विज्ञप्ति को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेवसाईट पर अपलोड़ किया जाये, जनपद न्यायालय के सूचना पट पर अविलम्ब चस्पा की जाये, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के वाट्सएप ग्रुप/वाट्सएप नम्बर पर भी भेजा जाये।

केन्द्रीय नाजिर को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त विज्ञप्ति का परिचालन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के मध्य व्यक्तिगत रूप से भी करायें।

दिनांक 21.11.2024

21.11.24

(मंजीत सिंह श्यौराण)
जनपद न्यायाधीश,
बुलन्दशहर।